हरिभूमि

# मालवा भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, बुधवार 24 सितंबर 2025

नागदा | महिदपुर | तराना | बड़नगर | उन्हेल | घट्टिया | इंगोरिया | खाचरौद | माकड़ोन | कायथा

04 नपा में केंद्र की अमृत-2.0 योजना चढ़ी भ्रष्टाचार...




07 पुलिस की प्रताड़ना से मजबूर पिता की...



### संस्कृति विभाग मप्र शासन द्वारा आदि शक्ति पर्व का आयोजन

# मां बगलामुखी मंदिर पर लोकगायन, भक्ति गीत और नृत्य नाटिका की हुईं प्रस्तुतियां







हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

संस्कृति विभाग मप्र शासन द्वारा शारदीय नवरात्रि के पावन अवसर पर शक्ति पर्व का आयोजन सोमवार रात्रि को मां बगलामुखी मंदिर पर किया गया। इस प्रदेश स्तरीय महोत्सव में लोक-भक्ति गायन और आदि शक्ति को समर्पित नृत्य नाटिका के माध्यम से देवी के वैभव और महिमा को विभिन्न कला रूपों के माध्यम से प्रदर्शित किया गया। समारोह में आगर मालवा की रागिनी मालवीय का लोकगायन, नटराज अकादमी, भोपाल के कलाकारों की नृत्य नाटिका में माता के नौ रूप और इंदौर के संतोष अग्निहोत्री एवं साथी कलाकारों के भक्ति गायन की प्रस्तुतियां हुईं। पहली प्रस्तुति रागिनी मालवीय के लोकगायन की हुई। रागिनी ने बाकी-बाकी सूंड से आया हो गजानंद... गीत से प्रस्तुति का आगाज किया। इसके बाद ऊँचा मंदिर बैठी मैया उड़े लाल धजा हो म्हारी बगलामुखी देवी मां..., प्यारी लागे हो बड़ी प्यारी लागे म्हारी अम्बे माँ की चुनरी या लाल रंग की..., सागर में नूर दर्शाया भवानी म्हारे दर्शन दीजो..., आ जाओ अम्बे मैया एक बार मेरी गलियों में... और अंत में जग की रखवाली करने वाली जगदंबे मैया... गीत गाकर प्रस्तुति को विराम दिया।

इसके बाद नटराज अकादमी, भोपाल के कलाकारों ने माता के नौ रूपों पर केंद्रित नृत्य नाटिका पेश की। प्रस्तुति में देवी दुर्गा द्वारा रक्तबीज के विनाश की कथा को नाटकीय नृत्य रूप में नृत्य मंचित किया गया। नृत्य के माध्यम से माँ दुर्गा की वीरता,




राक्षसों का वध तथा बुराई पर अच्छाई की विजय को दर्शाया गया। सेमी क्लासिकल फ्री स्टाइल डांस फॉर्म में हुई प्रस्तुति में भावों, संगीत एवं नृत्य के माध्यम से मां के विभिन्न स्वरूपों का वर्णन किया गया। प्रस्तुति में दिखाया गया कि माँ दुर्गा ने रक्तबीज का वध करने माँ काली का रूप धारण किया। रक्तबीज को वरदान प्राप्त था कि उसके रक्त की एक भी बूंद धरती पर गिरे तो उससे उसी के समान शक्तिशाली नया राक्षस उत्पन्न हो जाएगा। इस कारण देवता उसे हरा नहीं पा रहे थे। माता ने काली का रूप धारण किया। वे रक्तबीज पर प्रहार करतीं और उसके रक्त को धरती पर गिरने से पहले ही पी जातीं। इस तरह रक्तबीज के रक्त से नए दैत्य उत्पन्न नहीं हो पाए और मां काली ने रक्तबीज का वध कर दिया।

अंतिम प्रस्तुति इंदौर के संतोष अग्निहोत्री एवं साथियों के भक्ति गायन की हुई। संतोष ने गणेश वंदना नमस्कार गौरी सुत महादेव नंदन... से गणराज को स्वर नमन किया। इसके पश्चात शिव वंदना संकट में तुम रखो लाज हमारी..., दयानी भवानी..., विद्यादानी भवानी महा वाकवानी..., मैया जी के चरणों में ठिकाना चाहिए.... गीत पेश किए। देवी जी के संगीतमय श्लोक और संकीर्तन के साथ प्रस्तुति का समापन किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में दर्शक उपस्थित थे।

## कलेक्टर के निर्देश, स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं व कार्यक्रमों में शत-प्रतिशत लक्ष्य पूरा करें



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

कलेक्टर प्रीति यादव ने सोमवार को स्वास्थ्य विभाग एवं महिला एवं बाल विकास की संयुक्त बैठक लेकर शासकीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों की समीक्षा की। इस दौरान कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं एवं कार्यक्रमों में 70-80 प्रतिशत की उपलब्धि पर्याप्त नहीं है, शत-प्रतिशत लक्ष्य पूरा करें। कलेक्टर ने अधिकारियों को सख्त चेतावनी दी कि कम लक्ष्य प्राप्ति पर संबंधित के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही प्रस्तावित की जाएगी।

कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग अन्तर्गत संस्थागत प्रसव, एएनसी पंजीयन, एनिमिया अभियान, स्वस्थ्य नारी सशक्त परिवार अभियान, टीकाकरण व हितग्राहीमूलक योजनाओं में प्रगति की जानकारी ली, अद्यतन जानकारी न होने पर अधिकारियों पर सख्त नाराजगी जाहिर की। उन्होंने कहा कि हवा-हवाई और पुराने आंकड़ों के साथ बैठक में न आएं। आगामी सप्ताह में पुनः समीक्षा होगी, विभागीय अधिकारी एवं कार्यक्रम के नोडल पुख्ता और अद्यतन जानकारी साथ लाएं, अन्यथा कार्यवाही प्रस्तावित की जाएगी। कलेक्टर ने सभी बीएमओ को निर्देश दिये कि स्वास्थ्य संस्थाओं में मरीजों का उपचार बेहतर ढंग से किया जाए। मरीजों को अच्छी स्वास्थ्य सेवाएं मिले। दवाईयां का पर्याप्त मात्रा में स्टॉक रखें। चिकित्सक निर्धारित समय अनुसार उपस्थित रहकर मरीजों को अपनी सेवाएं दें। कलेक्टर ने कहा कि सभी गर्भवती महिलाओं का एएनसी पंजीयन अनिवार्य करें तथा गर्भावस्था के दौरान होने वाली सभी जांचे समय पर की जाए। टीकाकरण कार्यक्रमों में शत-प्रतिशत लक्ष्य पूर्ण करें। उन्होंने स्वास्थ्य नारी सशक्त परिवार अभियान में लगे शिविरों में एनिमिया से ग्रसित महिलाओं को चिन्हित कर उनका समुचित उपचार करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने महिला एवं बाल विकास विभाग की योजनाओं की भी विस्तार से समीक्षा कर आवश्यक निर्देश अधिकारियों को दिए। बैठक में सीईओ जिला पंचायत नंदा भलावे कुशरे, सीएमएचओ डॉ. दिनेश देहलवार, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास राजीव गुप्ता, सभी बीएमओ, सीडीपीओ व अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।



## प्रभारी मंत्री चौहान सपरिवार पहुंचे मां बगलामुखी मंदिर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

मध्यप्रदेश शासन के अनुसूचित जाति कल्याण मंत्री एवं जिला प्रभारी मंत्री नागर सिंह चौहान सपरिवार नवरात्रि पर्व के प्रथम दिन सोमवार देर रात मां बगलामुखी मंदिर पहुंचे, जहां उनके द्वारा हवन अनुष्ठान किया गया। सोमवार रात्रि लगभग 11.30 बजे प्रभारी मंत्री नागरसिंह चौहान सपरिवार मां बगलामुखी मंदिर पहुंचे जहां भाजपा मंडल अध्यक्ष पवन वेदिया सहित अधिकारियों द्वारा उनकी आगवानी की गई। रात्रि में मंदिर के पट बंद हो जाने से प्रभारी मंत्री द्वारा शिखर दर्शन कर परिसर में स्थित यज्ञशाला में हवन अनुष्ठान किया गया। हवन अनुष्ठान पंडित दिलीप शर्मा ने करवाया।

## 60 वर्ष बाद मिलेगी 3 हजार रुपए पेंशन

**सीहोर।** केन्द्र सरकार द्वारा असंगठित श्रमिकों की सामाजिक सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए केन्द्रीय श्रम मंत्रालय द्वारा प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन पेंशन योजना प्रारंभ की गई है। इस योजना के अंतर्गत 18 से 40 वर्ष आयु वर्ग के समस्त असंगठित क्षेत्र के श्रमिक जिनकी मासिक आय 15 हजार से कम है, इस योजना के लिए पात्र होंगे। योजना के अंतर्गत नामांकन के लिए 18 से 40 वर्ष आयु वर्ग के श्रमिकों को प्रतिमाह 55 से 200 रुपए प्रीमियम के रूप मे जमा करना होगी। भारत सरकार श्रम मंत्रालय द्वारा जमा की जाएगी जिसमें 50 प्रतिशत प्रीमियम की राशि भारत सरकार श्रम मंत्रालय द्वारा वहन की जाएगी। श्रमिक की 60 वर्ष आयु पूर्ण होने पर बीमित व्यक्ति को 3 हजार प्रतिमाह रुपए पेंशन के रूप में प्राप्त होगी। इस योजना के संचालन के लिए भारतीय जीवन बीमा निगम को अधिकृत किया गया है।

## गौचर भूमि अतिक्रमण मुक्त कराने की मांग को लेकर किया चक्का जाम

**नलखेड़ा।** मंगलवार को बड़ागांव में उप तहसील कार्यालय के पास नलखेड़ा-मोहन बड़ोदिया मार्ग पर सर्व हिन्दू समाज व गोसेवकों द्वारा गौचर भूमि को अतिक्रमण मुक्त करवाने की मांग को लेकर चक्का जाम कर दिया।

गौ सेवकों ने बताया कि पिछले दो वर्षों से हमारे द्वारा ज्ञापन सौंपे जा रहे हैं लेकिन गोचर भूमि पर अभी तक शासन प्रशासन द्वारा कार्यवाही नहीं की गई है। नगर में लगभग 900 बीघा से भी ज्यादा गोचर भूमि पर दबंगों का कब्जा है। जिसके चलते नाराज सर्व हिंदू समाज सहित गौ सेवकों ने उप तहसील कार्यालय के पास धरना देकर चक्का जाम कर दिया। लगभग 2 घंटे चक्का जाम रहा। सुबह 10 बजे से सर्व हिंदू समाज के लोग तपती धूप में सड़क पर वाहनों को रोक कर बैठ गए थे। इस दौरान मार्ग के दोनों ओर वाहनों की लंबी लंबी कतारें लग गई।

चक्काजाम के दौरान समाजजनों द्वारा गोचर भूमि मुक्त करो मुक्तकरो, गौ माता की यही पुकार गोचर भूमि मुक्त करो अबकी बार, गाय माता के सम्मान में बड़ागांव मैदान में आदि नारे भी लगाए गए। इसके बाद नायब तहसीलदार अरुण चंद्रवंशी मौके पर पहुंचे जिनको सर्व हिंदू समाज सहित गौ सेवकों ने आवेदन देकर एक बार फिर गोचर भूमि मुक्ति की मांग की गई है। गौ सेवकों द्वारा आवेदन में बताया कि पिछले कई वर्षों से शासन प्रशासन तहसीलदार कलेक्टर आदि को भी बेसहारा गायों के लिए गोचर भूमि मुक्त करने के लिए आवेदन निवेदन कर चुके हैं। लेकिन समस्या जस की तस बनी हुई है। अभी तक कार्यवाही नहीं हुई है। इस पर नायब तहसीलदार अरुण चंद्रवंशी ने 10 दिनों की मोहलत मांगी गई जिसके चलते चक्का जाम करके बैठे सर्व हिंदू समाज द्वारा चक्का जाम खोल कर धरना प्रदर्शन खत्म किया। वहीं सर्व हिंदू समाज सहित गौसेवकों ने शासन प्रशासन को चेतावनी दी है कि अगर 10 दिनों के बाद भी कार्यवाही नहीं होती है तो 10 दिनों बाद फिर से धरना प्रदर्शन कर उग्र आंदोलन किया जाएगा। धरना प्रदर्शन में नगर के सर्व हिंदू समाज सहित में गौ सेवक मौजूद थे।

## पहला सुख निरोगी काया, धर्म साधना का प्रथम साधन : मुनिश्री अक्षय सागर महाराज

**सीहोर।** मुनिश्री अक्षय सागर महाराज की प्रेरणा से सकल जैन समाज द्वारा आयोजित निःशुल्क आयुर्वेद स्वास्थ्य शिविर स्वर्णकार मांगलिक भवन में पिछले दो दिन से उपचार कराने वाले रोग से पीड़ित रोगियों को आयुर्वेद में निपुण डाक्टर, वैद्यराज द्वारा पुराने से पुराने रोग से राहत मिलने वाले रोगियों के मुख से सोशल मीडिया तथा समाचार पत्रों के माध्यम से मिली जानकारी से रविवार को भारी संख्या में शहर वासियों तथा बाहर से अनेक स्थानों से आए लोगों की भारी संख्या में निः शुल्क आयुर्वेद स्वास्थ्य शिविर में आकर अपना स्वास्थ्य परीक्षण कराया तथा उपचार कराया अनेक लोगों को तुरंत स्वास्थ्य लाभ प्राप्त भी हुआ। वहीं स्वास्थ्य लाभ प्राप्त किया। साथ ही निः शुल्क औषधि प्राप्त कर मुनिश्री के जय घोष से आभार व्यक्त किया।



मुनिश्री अक्षय सागर ऐलक उपशम सागर महाराज अचानक दोपहर में शिविर का अवलोकन किया तथा डाक्टर, वैद्यराजो के सभी कक्षो में पहुंचकर जानकारी प्राप्त कि इस अवसर पर सेवा के लिए सेवारत टीम ने आशीर्वाद प्राप्त किया वहीं उपस्थित उपचार कराने आये रोगियों से भी चर्चा कर उनसे व्यवस्था और उपचार के विषय में जानकारी की। उपस्थित लोगों ने आचार्य विद्यासागर महाराज मुनिश्री अक्षय सागर के जयकारे के साथ आत्मीय आभार व्यक्त किया। अनेक रोग कि पीड़ा से राहत प्राप्त कर मुनिश्री के चरण स्पर्श कर आशिर्वाद प्राप्त किया। मोनिका शाह ने अपनी निः स्वार्थ सेवा से अनेक लोगों को पुराने से पुराने रोग से त्वरित राहत प्रदान कर सेवा भाव का उत्कृष्ट उदाहरण पेश किया जो शहर में सबसे अधिक चर्चा का विषय बना। साथ ही काया चिकित्सा विशेषज्ञ पूर्णायु वैद्य गोरव शाह जबलपुर, वैद्य चंद्रमोली राजू, स्त्री रोग विशेषज्ञ वैद्या जमुना देवी चंद्रमौली, शल्य तंत्र विशेषज्ञ वैद्य लक्ष्मी कांत शुक्ला, वैद्य पायल बाथरे आयुर्वेदाचार्य, वैद्य सोनम त्यारल एमडी आयुर्वेदाचार्य, वैद्य श्रीवीरेन्द्र कुमार जैन आयुर्वेदाचार्य, वैद्य निकिता मगदूम नाड़ी परीक्षण विशेषज्ञ, वैद्य सौरभ ठाकुर आयुर्वेदाचार्य, वैद्य चंचल रघुवंशी शालाक्य तंत्र विशेषज्ञ, वैद्य मुरलीधर माहेश्वरी लिवर किडनी रोग विशेषज्ञ, तथा सहयोगी टीम पूना बैंगलोर, मुंबई, जबलपुर आदि स्थानों से आए टीम ने सराहनीय कार्य कर निरंतर सेवाये कर रही है।

## सांदीपनि विद्यालय में छात्राओं की चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित



**नलखेड़ा।** नगर परिषद नलखेड़ा द्वारा स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा अंतर्गत विभिन्न गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। सोमवार को स्वच्छता विषय पर चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मुख्य नगर पालिका अधिकारी बाबूसिंह राजपूत ने बताया कि स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत सोमवार को नगर के सांदीपनि विद्यालय की छात्राओं ने स्वच्छता विषय पर आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता में भाग लिया। जिसमें स्कूल के 12 वीं कक्षा की छात्राओं ने स्वच्छता संदेश दिया गया।

## रतलाम से पैदल पहुंचे मां के दरबार

**नलखेड़ा।** शारदीय नवरात्रि महापर्व पर भक्तों द्वारा विभिन्न तरीकों से शक्ति की भक्ति की जा रही है। रतलाम से दो पदयात्री पैदल चलकर मां बगलामुखी के दरबार में पहुंचे जहां उन्होंने माता रानी के सम्मुख शीश नवाकर आशीर्वाद प्राप्त किया। मंगलवार को मेवाराम उस्ताद व विजेश गुर्जर रतलाम से लगभग 170 किमी की यात्रा पैदल पूर्ण कर मां के दरबार में पहुंचे। दोनों पदयात्रियों का पीतांबरा सेवा समिति के सदस्यों द्वारा फूल माला पहनकर मां बगलामुखी की तस्वीर भेंटकर स्वागत सम्मान किया गया।



### समवशरण मंडल विधान का चल रहा कार्यक्रम

# भाग्यवान ही भगवान की भक्ति कर सकता है : मुनिश्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा




भगवान महावीर स्वामी ने संपूर्ण विश्व को अहिंसा का पाठ पढ़ाया। आज तक उनके लघु नंदन मुनियों ने उस अहिंसा को आगे बढ़ाया। भगवान को केवल ज्ञान की प्राप्ति हुई तो उनका शरीर आसमान की ओर ऊपर बढ़ गया तब देवों ने सौधर्म इंद्र के साथ कुबेर ने रत्नों से समवशरण की रचना की। समवशरण एक योजन (12 किलोमीटर) का बना था। समवशरण में बैठने वाले धन्य हो जाते हैं। भाग्यवान ही भगवान की भक्ति कर सकता है। भाग्यवान ही पुण्य कमाते हैं। जो मन से पूजा करते हैं उनकों फल अवश्य मिलता है। भगवान की पूजा-अर्चना करने से जन्म जन्मों का पुण्य संचय होता है।

दिगंबर जैन समाज में इस वर्ष चातुर्मास मुनि विवर्धन सागर महाराज व मुनि विश्व नायक महाराज सा. ससंघ नगर में विराजित है। त्यागी भवन में नौ दिवसीय श्री 1008 समवशरण महामंडल विधान का धार्मिक आयोजन चल रहा है। मंगलवार को प्रवर्तक मुनि श्री विश्व नायक महाराज ने समाज जनों के समक्ष दिए गए प्रवचन में यह बात कही। मुनिश्री ने कहाकि 14 राजू में से 07 राजू हमने पार कर लिया है। यह सब हमने पुण्य के माध्यम से प्राप्त किया है। मन से भक्ति करने का अवसर आया है, चातुर्मास इसके लिए निमित्त है। मनुष्य पर्याय को सार्थक करने के लिए जिम्मेदारियों से निवृत होकर सन्यास मार्ग अपनाना होगा। भगवान बनने के लिए भक्ति करना आवश्यक है।

मुनिश्री ने बताया कि आचार्य शांतिसागरजी ने 22 दिन उपवास के बाद कहा था जिन गुण संपत्ति अर्थात तप, संयम, त्याग धारण करो। बिना संयम के मोक्ष संभव नहीं है भगवान की भक्ति करते-करते अपनी आत्मा का कल्याण कर लेना। मुनि विवर्धन सागरजी ने कहा कि चातुर्मास के काल में संतगण आनंदित रहते हैं क्योंकि यहां साधना काल होता है। इसीलिए मुनि संघ के उपवास हो रहे हैं। संतों के आशीर्वाद से सभी कार्य निर्विघ्न संपन्न होते हैं। उन्होंने बताया कि समवशरण मंडल विधान के तहत सोमवार को घट यात्रा संपन्न हुई तथा ध्वजारोहण का कार्यक्रम हुआ था। ध्वजारोहण के पश्चात ध्वजा ईशान दिशा की ओर फहराने लगी जो की शुभ संकेत है। यह दिशा कुबेर की होती है। मुनिश्री ने कहाकि यदि पाप का निरोध हो गया तो संपदा से क्या प्रयोजन और यदि जिसके पुण्य का उदय है उसे संपदा से क्या प्रयोजन। पुण्य करते रहोगे तो कहां से धन आ रहा है मालूम नहीं पड़ेगा। हमें निरंतर पुण्य का अर्जन करते रहना है। भरत ने मुनिराज को आहार दान दिया था तभी उनका पुण्य उदय हुआ था। समाज में संगठन से रहना चाहिए। धार्मिक कार्य में भाग लेकर पुण्य कमाते चलिए। ताकि यह मनुष्य जन्म मिलना सार्थक हो जाए तथा अपनी आत्मा का कल्याण भी धर्म कार्य करने से हो जाए।

### मंगल आरती जुलूस निकाला

स्थानीय दिगंबर जैन समाज में चल रहे नौ दिवसीय समवशरण मंडल विधान के धार्मिक आयोजन के तहत प्रतिदिन रात्रि 6:30 बजे से महा आरती एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति संगीतकार मनोज जैन जयपुर राजस्थान की टीम द्वारा दी जा रही है। मंगलवार को आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर नीमा कालोनी से शाम 6:30 बजे मंगल आरती जुलूस निकाला गया। जो प्रमुख मार्ग से श्री नाथ दिगंबर जैन मंदिर पहुंचा। जहां आरती का कार्यक्रम हुआ। मंगल आरती जुलूस के पुण्यार्जक प्रेमचंद मनीष गोधा परिवार रहे।

**खबर संक्षेप**

## मानव रूप परिणाम ही धर्म प्रभाव का कारणः मुनिश्री प्रवर सागर

**आष्टा।** चंद्रप्रभ दिगंबर जैन मंदिर अरिहंतपुरम में विराजमान आचार्य विनिश्चय सागर महाराज के परम प्रभावक शिष्य मुनिश्री प्रवर सागर जी मुनिराज ने आशीष वचन देते हुए कहा कि शुक्ल लेश्या से सहित जीव राग द्वेष से रहित होते हैं जब तक कसाय विद्यमान है राग परिणति तो रहेगी, लेकिन जहां अप्रशस्त्त राग है वहां परिणामों को बदलकर प्रशस्त राग करना होगा, जहां प्रशस्त राग होता है वही धर्मा नुराग होगा। यही प्रशस्त पुण्य का कारण होता है। भैया मंदिर आते हो कोई क्रिया आप करते हो यदि कोई अन्य व्यक्ति उस क्रिया को तुमसे पहले कर ले तो द्वेष भाव उत्पन्न होने लगता है, अप्रशस्त राग होने लगता है। भैया प्रवृत्ति को बदलना होगा, प्रवृत्ति बदलेगी तो द्वेष नहीं होगा, माध्यस्थ भाव होगा।जिनके स्वभाव विपरीत हैं, उनके प्रति माध्यस्थ भाव होगा वे लोग जो कल्कि के समान हैं।प्रशस्त कार्य में धर्म कार्य में अड़ंगा डालते हैं, पापाश्रव ही कर रहे हैं। धर्म के कार्य में कभी भी विघ्न मत डालना, धर्म के कार्य में विघ्न का निमित्त आप बनते हो तो समझना की बुद्धि कार्य करना बंद कर देगी, मंदबुद्धि हो जाओगे। राजा श्रेणिक ने वचन निभाने के लिये चिलाती पुत्र को राजतिलक करके राजा बना दिया, वह पुत्र दुर्जन था उसने राज्य में अपने निर्णय से जनमानस को आहत करना प्रारंभ कर दिया।

## बीजों के विक्रेता को लायसेंस लेना अनिवार्य

**सीहोर।** औषधीय फसलों एवं सब्जी, मसाला, पुष्प के बीजों का व्यापार करने वाले व्यापारी को उद्यानिकी विभाग से लायसेंस लिये बिना विक्रय नहीं किया जा सकता है। बीजों के व्यापार करने के लिये विक्रेता उद्यानिकी विभाग से लायसेंस लेना अनिवार्य किया गया है। बिना बीज लायसेंस के व्यापार करते पाये जाने पर विक्रेताओं के विरूद्ध बीज अधिनियम-1966 एवं बीज नियंत्रण आदेश 1983 में उल्लेखित प्रावधान अनुसार वैधानिक कार्यवाही की जायेगी, जिसकी जवाबदेही संबंधित निजी बीज विक्रेता की रहेगी।

### नगर पालिका में नहीं थम रही सरकारी योजनाओं की राशि की बंदरबाट

# नपा में केंद्र की अमृत-2.0 योजना चढ़ी भ्रष्टाचार की भेंट, पीएमओ कार्यालय में पहुंची शिकायत से मचा हड़कंप








## स्थानीय प्रशासन सहित जिला प्रशासन मौन बैठा, पब्लिक का उठ रहा है सिस्टम से भरोसा

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

लगभग 49 करोड़ रुपये से आष्टा नगर पालिका परिषद में संचालित अमृत योजना 2.0 शुरुआत में ही भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गई है। योजना के तहत जो अंडरग्राउंड पाइप लाइन बिछाई जा रही है अब उस पर शहर में नागरिक भ्रष्टाचार के आरोप लगाते हुए गंभीर सवाल खड़े कर रहे है वही शहर के नागरिकों ने इस योजना में भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाकर पीएमओ (प्रधानमंत्री कार्यालय) तक शिकायत कर दी हैं वही पूरे मामले पर स्थानीय प्रशासन और जिला प्रशासन की चुप्पी पर भी सवाल खड़े कर रहे हैं। गौरतलब है की आष्टा नगर पालिका को शहर के नागरिकों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के लिए केन्द्र की और से संचालित अमृत योजना 2.0 के तहत 43 करोड़ रुपए से ज्यादा की राशि प्राप्त हुई है लेकिन अब तक नागरिकों को इस योजना के अंतर्गत शुद्ध पेयजल का लाभ मिलना तो दूर की बात है अब तो उक्त योजना में भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ने के आरोप लग बैठे हैं। और यह तक शहर के नागरिकों सहित सत्ताधारी दल भाजपा और विपक्ष कांग्रेस के नेता भी नगर पालिका पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाकर कार्यवाही की मांग कर रहे हैं। आपको बता दें की इस योजना के नाम पर करोड़ों रुपए के भुगतान हो चुका है तो वही अंडरग्राउंड पाइपलाइन बिछाने के नाम पर शहर भर के कई इलाकों की सड़के खोद डाली गई है तो आष्टा से 22 किलोमीटर दूर रामपुरा जलाशय सी अब तक पाइप लाइन बिछाने का काम शुरू नहीं हो चुका है वही शहर में 8 इंच की जगह 4 से 6 इंच की पाइप लाइन डालकर शहर की सड़कों को खोद दिया गया है वही ठेकेदार महीनों से खुदी पड़ी इन सड़कों की मरम्मत तक नहीं कर रहा है जिससे नागरिक परेशान हैं।

### पीएमओ सहित मुख्यमंत्री, पूर्व मुख्यमंत्री को की शिकायत, भ्रष्टाचार के लगाए आरोप

वही अब पूरी योजना में नगर के रहवासी आशुतोष शर्मा ने नगर पालिका के जिम्मेदार अधिकारियों और जनप्रतिनिधियो पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाकर पीएमओ (प्रधानमंत्री कार्यालय) तक शिकायत कर जांच की मांग करते हुए दोषियों पर FIR दर्ज करने की मांग की है। शिकायतकर्ता आशुतोष शर्मा ने अमृत योजना के तहत हो रहे कार्य पर सवाल खड़े किए और जांच की मांग करते हुए एफआईआर दर्ज करने की मांग की है लिहाजा पीएमओ में शिकायत के बाद नगर पालिका में हड़कपं मचा हुआ है और फिलहाल काम को रोक दिया गया है जिससे बीजेपी की इस नगरपालिका पर नागरिकों में विश्वास उठ रहा है और अधिकारी सहित जनप्रतिनिधियों की नियत पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। खेर देखने वाली बात है कि प्रधानमंत्री कार्यालय में शिकायत के बाद स्थानीय सहित जिला प्रशासन कब नींद से जागता है और भ्रष्टाचारी दानवों पर क्या कार्यवाही करता है या फिर अपने हिस्से की मलाई ले कर खानापूर्ति करता है ?

### 17 करोड़ से बढ़कर 49 करोड़ पहुंची लागत, लेकिन 5 सालों में फिर भी नहीं आया पानी

पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष कैलाश परमार के कार्यकाल में 17 करोड़ रुपए की लागत से रामपुरा जलाशय से आष्टा तक पाईपलाईन बिछाने का काम शुरू किया गया था लेकिन 2 साल प्रशासनिक और तीन साल बीजेपी की नगर पालिका को हो गया है वही अब यह योजना 17 करोड़ से बढ़कर 49 करोड़ रुपए पर पहुंची गई लेकिन फिर भी यह पाइपलाइन आष्टा तक नहीं पहुंच सकी है। इस बहुप्रतीक्षित अमृत-2 योजना के तहत पाइपलाइन, नई पानी टंकियां, और इंटेकवेल का निर्माण कार्य होना है।

### भ्रष्टाचार के आरोप बेबुनियाद और निराधार

नगर पालिका अध्यक्ष हेमकुंवर रायसिंह मेवाड़ा का कहना है कि अमृत 2.0 योजना के अंतर्गत चल रहे सभी कार्य एक प्राइवेट एजेंसी देख रही है यही एजेंसी पूरे काम की मोनिटरिंग करती है उसके अनुसार ही पेमेंट का भुगतान होता है और जहां भी पाइपलाइन बिछाई जा रही है वह सर्वे के आधार पर बिछाई जा रही है जो भी भ्रष्टाचार के आरोप लगे वह बेबुनियाद और निराधार है।

### यह कार्य होने हैं अमृत 2.0 योजना के अंतर्गत

नपा के इंजिनियर प्रमोद कुमार साहू के अनुसार 49 करोड़ लागत की अमृत 2.0 योजना के अंतर्गत 33 किमी की पाइपलाइन बिछाई जाएगी। पाइपलाइन की चौड़ाई डैम से शहर तक 14 इंच, शहरी क्षेत्र में 6 से 10 इंच रहेगी। तीन पानी टंकियां तीन स्थानों पर इंदौर नाका, दरगाह पीएम आवास कॉलोनी, इंदिरा कॉलोनी में बनाई जाएगी। नगर पालिका के इंजीनियर प्रमोद कुमार साहू ने बताया कि टेंडर और वर्क ऑर्डर जारी हो चुके हैं। रामपुरा डैम पर पहले ही एक इंटेकवेल तैयार हो चुका है। नगर पालिका के 18 वार्डों में कुल 1 लाख की आबादी है जिसमें एक दिन छोड़कर जल की आपूर्ति की जाती है इसमें दैनिक 44 लाख लीटर की आपूर्ति होती है और शहर में 9000 से अधिक नल कनेक्शन हैं।

## 2 अक्टूबर तक मनाया जा रहा है सेवा पखवाड़ा

**सीहोर।** कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार जन भागीदारी, स्वच्छता, सेवा और जन कल्याणकारी कार्यक्रमों को व्यापक स्वरूप देने एवं नागरिकों में स्वच्छता, सेवा और सामुदायिक उत्तरदायित्व की भावना को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से सीहोर जिले में सेवा पखवाड़ा अभियान संचालित किया जा रहा है। यह सेवा पखवाड़ा अभियान 02 अक्टूबर तक चलेगा। अभियान के तहत 21 सितंबर को जिलेभर में अनेक स्थानों पर स्वच्छता कार्यक्रम, पौधरोपण कार्यक्रम, स्वच्छता रैली, स्वच्छता शपथ, स्वच्छता सभा सहित अनेक गतिविधियां आयोजित की गईं। इन गतिविधियों के दौरान जिलेभर में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मचारियों, नागरिकों और स्कूली बच्चों ने स्वच्छता के लिए श्रमदान कर सभी को स्वच्छता का संदेश दिया।

## मालव माटी के संत गोविंद जाने का विधायक कार्यालय पर किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



मालव माटी के सुप्रसिद्ध संत कथा वाचक संत श्री गोविंदजाने का आज सोनी पेट्रोल पंप कर उद्घाटन कार्यक्रम में शामिल होने आष्टा की धारा पर शुभ आगमन हुआ। उद्घाटन समारोह के संपन्न होने के पश्चात विधायक गोपालसिंह इंजीनियर के निवेदन पर संत गोविंदजाने अल्प प्रवास पर विधायक कार्यालय पहुंचे। संत श्री की भव्य अगवानी कर स्वागत और सम्मान किया। विधायक कार्यालय पहुंचने पर संत की चरण वंदन कर विधायक इंजीनियर ने अपने कार्यालय पधारने पर उनका अभिनंदन किया। इस अवसर पर विधायक ने संत का विधानसभा क्षेत्र की जनता की ओर से अभिनंदन किया। इस अवसर पर गोविंद जाने ने कहा कि निश्चित रूप से विधानसभा क्षेत्र को एक ऐसा विनम्र स्वभाव का धनी तथा अपनी क्षेत्र की जनता के समस्याओं के प्रति गंभीर रहने वाला जनप्रतिनिधि मिला है। निश्चित रूप से उनके मन में अपने क्षेत्र की जनता के प्रति जो भाव है वह सराहनीय और अभिनन्दनीय है। इस अवसर पर भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष प्रतिनिधि विशाल चौरसिया, नगर महामंत्री धनरूपमल जैन, मोहित सोनी, मनोज ताम्रकार, राजा मेवाडा सौरभ जैन, ऋतु जैन,आनन्द जैन,बंटी मेवाडा, मनोज नागर, अजय गौतम, राजा श्रीवास्तव, धर्मेन्द्र परिहार, शुभम सोनी, सहित भाजपा के कार्यकर्ता, संतश्री के भक्तगण आदि उपस्तिथ थे।

# फसलों का हाल जानने खेतों में पहुंचे विधायक किसानों ने बताया पौधों में फली तो है दाना नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ खाचरोद



क्षेत्र के अन्नदाताओं की शिकायत के बाद सोमवार को क्षेत्रीय विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर ने दौरा कर क्षेत्र के कई गांव में राजस्व और कृषि विभाग बीमा कंपनी के सदस्य सहित दल बल के साथ पहुंचकर सोयाबीन की खराब हुई फसलों की स्थिति देखी।

खेतों में पहुंचे विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर को किसानों ने बताया कि सोयाबीन के पौधों में फली तो नजर आ रही है लेकिन इसमें दाना नहीं है। वही अधिक वर्षा से सोयाबीन की स्थिति पूरी तरह खराब हो चुकी है, वहीं सोमवार को विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर ने विधानसभा क्षेत्र के पदम श्री, लसूडिया विजय सिंह, नानकपुर, खामखेड़ा, खाचरोद, बापचा बरामद, जसमत, पगारिया हॉट, नीलबड़, खजुरिया कांसम, लसूडिया पार आदि ग्रामों के किसानों के खेतों पर पहुंचकर फसलों को देखा। वहीं विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर ने किसानों से कहा कि फसल खराब होने से किसान चिंता ना करें किसानो की सरकार और आपका विधायक हर संकट में आपके साथ खड़ा है।

प्रशासन द्वारा गठित सर्वे टीम फसलों का सर्वे करवा कर पूरी रिपोर्ट सौंपेगी। उन्होंने कहा कि किसानों को पूरी बीमा राशि दिलवाई जाएगी। वहीं उन्होंने पुरानी बीमा राशि दिलवाने की बात कही। खराब हुई फसलों के निरीक्षण के दौरान एसडीएम नितिन कुमार टाले, तहसीलदार मुकेश कुमार सांवले, पटवारी बलराम रजक, कृषि विभाग के अधिकारी, ग्राम के सरपंच शंकर पटेल जाट, भाजपा मंडल अध्यक्ष शिव पाटीदार, मंडल महामंत्री यशवंत सिंह ठाकुर, ग्राम के किसान नबीलाल जाट, लल्लू जी जाट, रेवाशकर जाट, रामेश्वर जाट, बलराम जाट, गणेश जाट, राजेश जाट, रमेश मालवीय, रतन सिंह मालवीय, कोटवार प्रेम सिंह मालवीय सहित ग्राम के समस्त किसान बंधु उपस्थित थे।

## चुनरी यात्रा को लेकर पार्वती नदी तट का राय सिंह मेवाड़ा ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



नवरात्रि के पावन अवसर पर मां आदिशक्ति की श्रद्धा पूर्वक भक्ति आराधना का सिलसिला आज से प्रारंभ हुआ इसी कड़ी में नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा मित्र मंडल द्वारा नगर में भव्य चुनरी यात्रा निकाली जाएगी जो नगर के प्रमुख मार्गो से होते हुए प्राचीन शंकर मंदिर स्थित मां पार्वती नदी तट पर पहुंचेगी।

जिसके तहत नपा अध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा द्वारा नगर पालिका के सफाई कर्मचारी सहित अन्य कर्मचारियों की उपस्थिति में पार्वती नदी तट का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान श्री मेवाडा ने जल शाखा एवं सफाई शाखा से संबंधित कर्मचारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि दिवस हुई बारिश के दौरान पार्वती तट पर कीचड़ लकड़ी इत्यादि से तट अव्यवस्थित हैं जिसे शीघ्र ही साफ सफाई कर व्यवस्थित करें। नपा अध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने सभी नगरवासियों से आग्रह किया है कि माता की भक्ति में पूरा नगर लीन है। नगर की सुख शांति एवं समृद्धि तथा खुशहाली की कामना के साथ निकाली जाने वाली भव्य चुनरी यात्रा में आप सभी अपने परिजनों एवं इष्ट मित्रों सहित शामिल होकर धर्म लाभ अर्जित करें।

निरीक्षण के दौरान पार्षद रवि शर्मा, पूर्व पार्षद जगदीश खत्री, स्वच्छता प्रभारी मनोहर जावरिया, कुशलपाल लाला, कमलेश विश्वकर्मा, रोहित सेन, गबू सोनी, विनोद सांगते, पूरण मेवाड़ा, फूलसिंह मालवीय, कपिल वर्मा, लखन नाथ आदि मौजूद थे।

### अभिजीत मुहूर्त में हुई मातारानी की प्रतिमा और घट स्थापना

# माता के भक्तों ने बैंड बाजों के साथ निकाली चुनरी यात्रा







हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा/जावर

हिंदू सनातन धर्म का मुख्य पर्व शारदीय नवरात्र का प्रारंभ सोमवार से प्रारंभ हो गया है।इस बार मातारानी हाथी पर सवार होकर आई हैं। भक्तगणों ने सोमवार के शुभ मुहूर्त में चल प्रतिमा का मंगल जुलूस श्रीगंगा हार्डवेयर कालोनी चौराहा से प्रारंभ कर सम्पूर्ण गंज क्षैत्र में निकालकर सिद्ध पीपल चौक कुम्हार पूरा भाऊ बाबा मंदिर स्थित पंडाल में आनंद उत्साह एवं आतिशबाजियों के साथ नगरवासियों की उपस्थिति में पहुंचा। अभिजीत मुहूर्त में चल प्रतिमा व देवीघट स्थापना कर शारदीय नवरात्र का विधिवत कार्य प्रारंभ किया गया।नवरात्रि के प्रथम दिवस मातारानी के प्रथम स्वरूप शैलपुत्री का बेलपत्र से अर्चन कर विधि विधान के साथ नगरपुरोहित पंडित मयूर पाठक, पं मनीष पाठक, पं डॉ दीपेश पाठक ने वैदिक पुजन संपन्न कराया एवं व्रत का संकल्प भक्तो को दिलायानिकाली गई शोभायात्राघट स्थापना के पूर्व मातारानी के भक्तो के द्वारा चल प्रतिमा की शोभायात्रा कालोनी चौराहा से प्रारंभ कर सम्पूर्ण गंज क्षेत्र में निकालकर सिद्ध पीपल चौक कुम्हार पूरा लाया गया जहां पर चल प्रतिमा को स्थापित किया गयायुवा थिरकते नजर आए मातारानी की शोभायात्रा में युवा वर्ग बड़ा ही उत्साहित था डोल की थाप पर युवागण उत्साह के साथ नृत्य कर मातारानी के जयघोष के साथ चल रहे थे जो आकर्षण के केंद्र थे।

### भक्तों ने निकाली चुनरी यात्रा

**जावर।** चौरासिया परिवार ने कुल देवी मां महिषासुर मर्दीनी के दरबार में चौरसिया परिवार की ओर से 551 फिट लंबी चुनरी चढ़ाई गई चुनरी यात्रा सोसायटी भवन से प्रारंभ हुई जिसने समस्त चौरासिया परिवार के लोग एवं नगर के सभी सम्माननीय लोगों ने चुनरी यात्रा में शामिल हुए वही जगह जगह पर लोगों द्वारा पुष्प वर्षा की गई साथ ही कई समितियों द्वारा कार्यकर्ताओं का स्वागत किया वही चौरासिया कार्यकर्ताओ ने समिति को जय माता दी का चिन्ह देकर सम्मान के साथ चुनरी यात्रा में सम्मिलित किया चौरासिया परिवार की ओर से बहुत बहुत आभार व्यक्त किया गया।

# दशहरा उत्सव समरसता के साथ मनेगाः राहुल



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी आष्टा नगर के दशहरा पर्व को भव्य रूप देने हेतु सकल समाज व हिन्दू उत्सव समिति द्वारा आष्टा की खेल गतिविधियों में सदैव सक्रिय रहने वाले युवा समाजसेवी राहुल बाल्मीकि को दशहरा उत्सव समिति वर्ष का अध्यक्ष नियुक्त किया गया। दशहरा उत्सव समिति की तैयारिया जोरो से जारी है। इसी कड़ी मे राहुल बाल्मीकि ने अपनी टीम के साथ पूर्व नपा अध्यक्ष और प्रभु प्रेमी संघ के संयोजक कैलाश परमार से भेंट कर आशीर्वाद लिया। पूर्व नपा अध्यक्ष परमार द्वारा राहुल बाल्मीकि और उनके साथियो का भव्य और जोरदार स्वागत कर कहा की कोई भी उत्सव तभी सार्थक होता है जब समाज के अंतिम बिंदु पर बैठे आम नागरिक को हम अपने साथ जोड़े। हम सभी हर समाज का साथ लेकर सामाजिक समरसता मिलजुलकर उमंग और उल्लास से दशहरा मनाएंगे। समिति अध्यक्ष राहुल बाल्मीकि एवं उनकी विशाल टीम का साफे और मोतियों की माला से स्वागत किया गया। इस अवसर पर युवा सामाजिक कार्यकर्ता अर्जुन सिंह अजय, सोभाल सिंह परमार, अजय मेवाड़ा, विजय माहेश्वरी, अमित सेन सहित अनेको लोग उपस्थित थे।

खबर संक्षेप



## अभाविप ने सदस्यता अभियान चलाया

**ललितपुर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद में तीसरे चरण की सदस्यता (महाविद्यालय सदस्यता) के तृतीय दिवस को अधिकतम सदस्यता दिवस के रूप में अभियान लिया गया, जिसमें ललितपुर के नेहरू महाविद्यालय में अभियान को सफल बनाने में लगे कार्यकर्ताओं में नगर मंत्री कृष्ण गोपाल शर्मा ने अपनी टीम से साथ डेस्क लगाकर सदस्यता चलाई, जिसमें प्रवास के रूप में जिला सदस्यता प्रमुख कुलदीप द्विवेदी के साथ नगर सह मंत्री आकाश परिहार, हिमाचल राजा, कंचन सोनी, रिशब तिवारी आदि कार्यकर्ताओं की सहभागिता रही।

## मिशन शक्ति पोषण पंचायत कार्यक्रम आज

**ललितपुर।** जिला प्रोबेशन अधिकारी ने बताया कि राज्य महिला आयोग सदस्य अर्चना पटेल की अध्यक्षता में तहसील तालबेहट सभागार में 24 सितम्बर को सुबह 11 बजे से मिशन शक्ति के तहत निर्धारित पोषण पंचायत कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। बताया कि शारदीय नवरात्रि महिला सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन को सशक्त बनाने के उद्देश्य से सरकार द्वारा संचालित मिशन शक्ति अभियान के 5वें चरण को मुख्यमंत्री ने लखनऊ से शुरू किया है। जिसके अंतर्गत प्रत्येक जनपद में तहसील स्तर पर महिला आयोग की सदस्याओं के नेतृत्व में पोषण पंचायत कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। इसमें कुपोषित महिलाओं, बच्चों के लिए पुष्टाहार विभाग द्वारा चलायी जा रही कल्याणकारी योजना एवं पोषण अभियान के अन्तर्गत चलायी जा रही योजनाओं की विस्तृत जानकारी एवं लाभ दिलाया जाएगा, साथ ही उपस्थित समुदाय में पोषण अभियान से सम्बंधित जागरूकता सामग्री, साहित्य का वितरण एवं कार्यक्रम स्थल पर प्रदर्शन भी किया जाएगा।

## कार चालक ने बाइक को मारी टक्कर

**ललितपुर।** बच्चे का इलाज कराने डाक्टर के घर गये व्यक्ति को अनियंत्रित गति से भाग रही कार ने जोरदार टक्कर मार दी, जिससे युवक घायल हो गया और उसकी बाइक भी क्षतिग्रस्त हो गयी। घायल युवक के भाई की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है। मोहल्ला मऊठाना निवासी दीपक सोनी पुत्र मनीराम सोनी ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसका भाई अमित सोनी उर्फ जीतू अपने बच्चे का इलाज कराने के लिए डा.सुनील बरया की निजी क्लीनिक तालाबपुरा में गया हुआ था, जहां अपराह्न करीब 1.30 बजे अस्पताल के सामने मोटर साइकिल प्लेटिना नं. यू.पी.94 ए.ए. 4960 उठा रहा था तभी लुहरयाना मोहल्ला मस्जिद के पास चौबयाना निवासी जगदीश प्रसाद झां पुत्र बल्देवप्रसाद ने लापरवाही व तेजी से कार संख्या यू.पी.81 डी.एन. 1535 को चलाते हुये उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह घायल हो गया और उसकी बाइक भी क्षतिग्रस्त हो गयी। आरोप है कि कार चालक ने 5-6 गाडियों को भी टक्कर मार दी, जिसकी वीडियो रिकॉर्डिंग सीसीटीवी में है। पुलिस ने विवेचना शुरू कर दी।

## चार सौ लीटर अवैध कच्ची शराब पकड़ी

**ललितपुर।** पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक के निर्देशन, एएसपी कालू सिंह के पर्यवेक्षण तथा क्षेत्राधिकारी सदर अजय कुमार के नेतृत्व में जनपद में अवैध शराब/मादक पदार्थों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस ने ग्राम चीरा में, थाना पूराकलां क्षेत्रान्तर्गत ग्राम उगरपुरा, थाना मड़ावरा क्षेत्रान्तर्ग ग्राम तिसगना आदि में दबिश के दौरान 404 लीटर नाजायज कच्ची शराब बरामद कर मौके पर करीब 6700 लीटर लहन नष्ट कर, 13 नफर अभियुक्तों को नियमानुसार गिरफ्तार कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही गई।

### राष्ट्रीय-ई-गवर्नेंस पुरस्कार से सम्मानित हुई नगर पालिका परिषद ललितपुर

# तत्कालीन डीएम, एडीएम व ईओ ने आंध्र प्रदेश में ग्रहण किया पुरस्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

आंध्र प्रदेश के विशाखापट्नम में भारत सरकार के प्रशासनिक सुधार और लोक शिकायत विभाग द्वारा नगर पालिका परिषद ललितपुर के स्वच्छ भविष्य ललितपुर, उत्तर प्रदेश में सतत विकास हेतु स्मार्ट अपशिष्ट प्रबंधन के लिए ललितपुर को राष्ट्रीय-ई-गवर्नेंस पुरस्कार 2025 (जूरी) से सम्मानित किया गया है। बताते चलें कि राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस पुरस्कार 2025 (जूरी) के लिए ललितपुर को प्रदेश में सतत विकास हेतु स्मार्ट अपशिष्ट प्रबंधन के लिए चयनित किया गया है, जिसमें तत्कालीन जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी, एडीएम अंकुर श्रीवास्तव, अधिशासी अधिकारी दिनेश कुमार विश्वकर्मा, कर निर्धारण अधिकारी राजेन्द्र प्रसाद, एमडी ब्रजेश कुमार को पुरस्कार हेतु नामित किया गया है।

आंध्र प्रदेश के जिला विशाखापट्नम में आयोजित कार्यक्रम में भारत सरकार के प्रशासनिक सुधार और लोक शिकायत विभाग द्वारा श्रेणी-राष्ट्रीय ई-गव पुरस्कार, प्रधानमंत्री उत्कृष्टता पुरस्कार, अन्य केन्द्रीय मंत्रालयों द्वारा प्रदान किए गए पुरस्कारों जैसी सफल राष्ट्रीय स्तर की पुरस्कृत परियोजनाओं की पुनरावृत्ति और उनके विचार के लिए नगर पालिका परिषद, ललितपुर उत्तर प्रदेश को स्वच्छ



भविष्य ललितपुर, उत्तर प्रदेश में सतत विकास हेतु स्मार्ट अपशिष्ट प्रबंधन के लिए नगर पालिका परिषद, ललितपुर को राष्ट्रीय-ई-गवर्नेंस पुरस्कार 2025 (जूरी) से सम्मानित किया गया है। तत्कालीन डीएम अक्षय त्रिपाठी ने कहा कि नगर पालिका परिषद द्वारा शहर के विकास व शहर को स्वच्छ एवं सुन्दर बनाये जाने के लिए निरंतर प्रयास किये जा रहे है, जिसका नतीजा यह रहा कि आज जिले को भारत सरकार के प्रशासनिक सुधार और लोक शिकायत विभाग द्वारा राष्ट्रीय-ई-गवर्नेंस पुरस्कार 2025 (जूरी) से सम्मानित किया गया है। नगर पालिका परिषद, ललितपुर को आंधप्रदेश के विशाखापट्नम में राष्ट्रीय-ई-गवर्नेंस पुरस्कार 2025 (जूरी) से पुरस्कृत किये जाने पर जिले में खुशी की लहर है।

### पूर्व केंद्रीय मंत्री के नेतृत्व में प्रतिनिधि मंडल पीड़ित परिवार से मिला

# पुलिस की प्रताड़ना से मजबूर पिता की आत्महत्या एक त्रासदी: कांग्रेस

**कानून व्यवस्था पर बड़ा सवाल खड़ा कर गई राठौर आत्महत्या की घटना**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

रबर मोहर बनाने वाले व्यापारी लक्ष्मीनारायण राठौर की आत्महत्या और उसके पुत्र शिवम राठौर को बजाज फाइनेंस कम्पनी में धोखाधड़ी के मामले में जेल भेजा गया है। इस मामले को लेकर मंगलवार को कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के निर्देश पर एक प्रतिनिधि मण्डल ललितपुर पहुंचा, जहां उन्होंने पीड़ित परिवार से मुलाकात की। कांग्रेस के प्रतिनिधि मण्डल ने पीड़ित परिवार की आपबीती भी सुनी और इसके बाद जिलाधिकारी अमनदीप डुली से भी वार्ता की। इस गंभीर मामले की वस्तुस्थिति की जानकारी प्राप्त करने हेतु उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष अजय राय की अनुशंसा पर कांग्रेसजनों का एक प्रतिनिधि मंडल मृतक के परिवार से मिला, उन्हें सांत्वना दी और हर संभव मदद का भरोसा दिया। साथ ही स्थानीय प्रशासन से तत्काल दोषियों के विरुद्ध कठोर से कठोर कार्रवाई की मांग की। कांग्रेसियों ने कहा कि ललितपुर की यह घटना प्रदेश की कानून-व्यवस्था पर बड़ा सवाल खड़ा करती है। आरोप है कि पुलिस की प्रताडऩा से मजबूर पिता की आत्महत्या सिर्फ एक परिवार की त्रासदी नहीं, बल्कि पूरी व्यवस्था की विफलता है।

#### न्याय मिलने तक संघर्ष जारी रहेगा

कांग्रेस पार्टी पीड़ित परिवार के साथ खड़ी है और न्याय मिलने तक संघर्ष जारी रहेगा। प्रतिनिधि मंडल में पूर्व केन्द्रीय ग्रामीण विकास राज्यमंत्री भारत सरकार प्रदीप जैन आदित्य, पूर्व विधायक बृजेन्द्र व्यास, निवर्तमान महासचिव राहुल रिछारिया, को-ऑर्डीनेटर मुकुट सिंह, एआईसीसी सदस्य मनीराम कुशवाहा, ललितपुर जिलाध्यक्ष डा.दयाराम रजक, पूर्व जिलाध्यक्ष राजेश रजक, पूर्व जिलाध्यक्ष झांसी योगेन्द्र सिंह पारीछा, महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष नेहा तिवारी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष मोहन सिंह चंदेल, महासचिव इमरान खां, संगठन प्रभारी ललितपुर रामनरेश दुबे, पूर्व प्रदेश सचिव जयपाल सिंह, मकरंद किलेदार विक्की, शैलेष सिंह तालबेहट के अलावा शशि राजा बुन्देला शामिल रहे।

### कांग्रेस ने डीएम को भेजा ज्ञापन

# सैकड़ों फल और छायादार वृक्षों का कातिल बना विद्युत विभाग



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

नगर पंचायत पाली में बिजली विभाग द्वारा बड़े पैमाने पर किए जा रहे पेड़ों के अवैध कटान के खिलाफ कांग्रेस ने मोर्चा खोल दिया है। कांग्रेस के जिला महासचिव संजीव चौरसिया ने इस संबंध में जिलाधिकारी को एक ज्ञापन सौंपा है, जिसमें प्रकरण की उच्च स्तरीय जांच करायी जाक दोषी अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की गई है। ज्ञापन में बताया कि बिजली विभाग द्वारा नीलकण्ठेश्वर महादेव मंदिर से बड़ी भवानी मंदिर तक 33 के.वी.ए. की लाइन बिछाने के लिए करीब 2 किलोमीटर तक आम, महुआ और पीपल जैसे सैकड़ों फलदार और छायादार वृक्षों को काट दिया गया है। कांग्रेस नेता संजीव चौरसिया ने आरोप लगाया कि यह कटान बिना किसी अनुमति के किया गया है, जिससे पर्यावरण को भारी नुकसान पहुंचा है। उन्होंने कहा कि एक तरफ सरकार पौधारोपण अभियान चला रही है, वहीं दूसरी ओर जिम्मेदार विभाग ही पेड़ों की कटाई कर रहे हैं। इस घटना से स्थानीय लोगों में भी काफी रोष है। लोगों का कहना है कि पेड़ पर्यावरण के लिए महत्वपूर्ण हैं और उन्हें इस तरह काटना एक अपराध है। संजीव चौरसिया ने जिलाधिकारी से इस मामले की उच्च स्तरीय जांच कराने और दोषी कर्मचारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं न हों।

# स्वच्छता सिर्फ जिम्मेदारी नहीं कर्तव्य भी : प्राचार्य

### नेहरू महाविद्यालय में जागरूकता पखवाड़ा का आयोजन



**ललितपुर।** नेहरू महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में शिक्षकों एवं स्वयं सेवकों ने जागरूकता पखवाड़ा का सफल आयोजन किया। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों एवं समाज में स्वच्छता के महत्व को समझाना और स्वच्छ भारत मिशन को आगे बढ़ाना है। प्राचार्य प्रो.डा.ओमप्रकाश शास्त्री ने कहा कि स्वच्छता केवल जिम्मेदारी ही नहीं, बल्कि यह हर नागरिक का कर्तव्य है। एनएसएस नोडल अधिकारी डा.ओ.पी. चौधरी ने कहा कि स्वास्थ्य हमारे जीवन का आधार है। पखवाड़े की शुरुआत श्रमदान के साथ हुई, जिसमें स्वयंसेवकों ने स्वच्छता ही सेवा है, स्वच्छ भारत -स्वस्थ भारत जैसे नारों से लोगों को जागरूक किया। इसके बाद कॉलेज परिसर एवं आसपास के क्षेत्रों में सफाई अभियान चलाया गया। शुभारम्भ वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डा. सुधाकर उपाध्याय ने कहा कि यह एक राष्ट्रीय अभियान है। जिसका उद्देश्य स्वच्छता को बढ़ावा देना और महात्मा गांधी के स्वच्छ भारत के सपने को साकार करना है। सभी एनएसएस के स्वयं सेवक, सेविकाओं को शपथ दिलाई कि मैं न गदंगी करूंगा और न किसी को करने देंगें। कार्यक्रम अधिकारी जितेंद्र कुमार ने कहा कि स्वच्छ व्यक्ति ही स्वच्छ समाज का निर्माता है। कार्यक्रम अधिकारी अनीता ने कहा कि स्वच्छता एवं सतर्कता से हम अनेक बीमारियों से बच सकते हैं। संचालन कार्यक्रम अधिकारी ईकाई 4 के मनीष वर्मा ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना स्वयंसेवक इस अभियान के सच्चे प्रेरणास्त्रोत हैं। आभार कार्यक्रम अधिकारी डा.वर्षा साहू ने जताते हुये कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना सदैव सामाजिक उत्थान एवं जन-जागरूकता हेतु कार्य करता रहेगा। इस दौरान डा.एच.सी.दीक्षित, डा.गिरेंद्र सिंह एवं इं.बिपिन कुमार शुक्ला आदि उपस्थित रहे।

### नमामि गंगे परियोजना के अंतर्गत शैक्षणिक भ्रमण

# बच्चों को सिखाए गए प्राकृतिक खेती के गुर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

नमामि गंगे परियोजना के अंतर्गत जिला गंगा समिति द्वारा ए.वी.एम. इंटर कॉलेज के विद्यार्थियों को कृषि विज्ञान केन्द्र खिरिया मिश्र का शैक्षणिक भ्रमण कराया। इस दौरान उन्होंने प्राकृतिक खेती और हाई-टेक नर्सरी की तकनीकों को करीब से समझा।

पशुपालन वैज्ञानिक डा.अनुज कुमार ने बच्चों को प्राकृतिक खेती के महत्व से परिचित कराया। उन्होंने समझाया कि रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों के बिना खेती कैसे की जाती है। डेरी यूनिट के तहत छात्रों ने थारपारकर नस्ल की गायों को देखा तथा उससे मिलने वाले बाई प्रोडक्ट जैसे गोबर और गौ मूत्र से केंचुए की खाद (वर्मी कम्पोस्ट) कैसे बनता है इसकी विस्तृत जानकारी प्राप्त की। भ्रमण के दौरान बच्चों ने केन्द्र में स्थापित हाई-



टेक नर्सरी भी देखी। पॉलीहाउस में लगी पौध देखकर बच्चे बेहद उत्साहित हुए। बच्चों ने जाना कि नियंत्रित वातावरण में कैसे गुणवत्तापूर्ण पौध तैयार की जाती है। परियोजना अधिकारी जिला गंगा समिति केतन दुबे ने बताया कि इस तरह के भ्रमण से बच्चों में कृषि के प्रति रुचि बढ़ती है और वे आधुनिक तकनीकों से परिचित होते हैं। बच्चों ने बताया कि यह भ्रमण उनके लिए बहुत ज्ञानवर्धक रहा और उन्होंने कृषि की नई तकनीकों के बारे में बहुत कुछ सीखा। इस मौके पर डा.दिनेश तिवारी (शश्य वैज्ञानिक), डा.सरिता देवी (गृह वैज्ञानिक), प्रधानाचार्य अमित प्रिय नामदेव, हरि सिंह, राम शर्मा, सुविज्ञा जैन, अंशिका जैन आदि उपस्थित रहे।

### आयुर्वेद दिवस पर कार्यक्रम

# आयुर्वेद भारत की प्राचीन धरोहर है, जीने की पूर्ण पद्धति दी: सोनी



**ललितपुर।** राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस पर नीमा एसोसिएशन द्वारा स्टेशन रोड स्थित होटल में कार्यक्रम एसीएमओ डा.आर.एन.सोनी के आतिथ्य में आयोजित किया। अध्यक्षता अध्यक्ष डा.एस.पी.पाठक व संचालन डा.अमिताभ पाराशर ने किया। अध्यक्ष ने कहा धन्वंतरी आयुर्वेद के सबसे बड़े देवता हैं उन्होंने बताया कि अच्छे स्वास्थ्य स्वास्थ्य और सेहत की कामना के लिए संतोष रूपी धन से बड़ा कोई धन नहीं है। स्वस्थ व्यक्ति के स्वास्थ्य की रक्षा करना एवं रोगों की चिकित्सा करना आयुर्वेद का उद्देश्य है। स्वास्थ्य की दृष्टि से भी बड़ा महत्व है। इस दिन आयुर्वेद के जनक माने जाने वाले भगवान धनवंतरी की पूजा सभी को स्वस्थ की कामना के लिए की जाती है। आयुर्वेद से वैश्विक महामारी में सार्वधिक प्रयोग किया गया है। एसीएमओ ने कहा आयुर्वेद भारत की प्राचीन धरोहर है, जिसने हमें जीवन जीने की एक पूर्ण पद्धति दी है। आधुनिक चुनौतियों के समय में आयुर्वेद ने हमें न केवल रोग-निरोधक उपाय एवं उपचार दिए हैं, बल्कि जीवन-प्रणाली में संतुलन, प्रकृति के साथ सामंजस्य और दीर्घकालिक स्वास्थ्य का मार्ग भी दिखाया है। कार्यक्रम में डा.मानवीर सिंह तोमर, डा.विवेक सक्सेना, डा.अनूप श्रीवास्तव, डा.रामगोपाल साहू, डा.दीपक चौबे, डा.अनिल जैन, डा.आर.सी.साहू, डा.कैलाश श्रुति, डा.शैलेंद्र अगरिया, डा.सचिन गोस्वामी, डा.शशांक पाठक, डा.अवधेश तिवारी, दीपक कौशिक आदि मौजूद रहे।

### श्रीलक्ष्मी नरसिंह रामलीला महोत्सव का भव्य शुभारंभ

# प्रथम दिवस हुआ नारद मोह की लीला का मंचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

नगर के ऐतिहासिक श्रीलक्ष्मी नरसिंह मंदिर तालाबपुरा के तत्वावधान में आयोजित 56वें रामलीला महोत्सव का विधिवत शुभारंभ हुआ। भव्य समारोह का प्रारंभ मंदिर के महंत गंगादास जी महाराज ने श्री गणेश व रामायण पूजन के साथ किया।

मंचासीन अतिथियों में सदर विधायक रामरतन कुशवाहा, पंचायत अध्यक्ष कैलाश नारायण, पुलिस अधीक्षक मो.मुस्ताक, सीडीओ शेषनाथ चौहान तथा अन्य विशिष्ट जन उपस्थित रहे। महंत गंगादासजी ने कहा कि रामलीला का मंचन केवल मनोरंजन नहीं, अपितु यह हमारे जीवन में मर्यादा, त्याग, संयम और धर्म की राह दिखाता है। प्रभु श्रीराम का पावन चरित्र समाज में एकजुटता और नैतिक मूल्यों की स्थापना का संदेश देता है। सदर विधायक ने कहा कि नगर में लगातार 56 वर्षों से रामलीला महोत्सव का आयोजन अत्यंत सराहनीय है। वृंदावन के कलाकारों द्वारा प्रभु



श्रीराम की लीलाओं का मंचन जन-जन तक मर्यादा पुरुषोत्तम के आदर्शों को पहुँचाने का पुण्य कार्य है। एसपी ने आयोजकों को बधाई देते हुए कहा कि प्रशासन एवं पुलिस महोत्सव की सफलता हेतु पूर्ण सहयोग देंगे। सीडीओ ने कहा कि श्रीराम का चरित्र भारतीय संस्कृति की आत्मा है, जिससे हर आयु वर्ग के लोगों को प्रेरणा मिलती है। शुभारंभ के पश्चात वृंदावन से आए कलाकारों ने गणेश व रामायण आरती से कार्यक्रम का प्रारंभ किया और तत्पश्चात नारद मोह प्रसंग का भावपूर्ण मंचन किया। इस दौरान राधेश्याम महाराज, जगतगुरू डा.कृष्ण गिरि महाराज, डा.ओमप्रकाश शास्त्री, रामेश्वर प्रसाद, प्रदीप चौबे, बब्बू राजा, रमेश लोधी, सीओ अजय कुमार, प्रभारी निरीक्षक अनुराग अवस्थी, सदर चौकी प्रभारी प्रशांत राणा, वी.के.सरदार, अजय तिवारी नीलू, शशिभूषण बुन्देला, धर्मेन्द्र रावत, राजीव बबेले, कमलपत रिछारिया, मुन्नालाल, बृजेश चतुर्वेदी, संजय ड्योडिया, हाकिम सिंह, अजय पटैरिया, बी.एन.वाजपेयी, राव राजा, अशोक पटैरिया, शरद, विलास पटैरिया, उदित रावत, गिरिश पाठक, राजेन्द्र वाजपेयी, मनीष विश्वकर्मा, मनीष सडैया, हृदेश हुण्डैत, विवेक सडैया, हरीशंकर साहू, कैलाश यादव, नारायण यादव, राजू यादव, कौस्तुव चौबे, अजय नायक, लक्ष्मीनारायण विश्वकर्मा, सुवोध गोस्वामी, प्रभाकर शर्मा, अजय तोमर, हरीबाबू शर्मा, छक्कीलाल साहू, निखिल, धर्मेन्द्र यादव, अनुज, डा.विक्रांत तोमर, कल्लू तिवारी, अरविन्द संज्ञा, मुकेश गुप्ता, रमाकांत तिवारी, प्रदीप रिछारिया, कृष्णकांत सोनी, अशीष तिवारी, अमित लखेरा, रंजीत बुन्देला सहित हजारों श्रद्धालुजन उपस्थित रहे।

जिले भर की राशन दुकानों की पीओएस मशीनों से हटाया गया 20 करोड़ बाजार मूल्य का राशन

# गायब हुए खाद्यान्न पर जिम्मेदारों की चुप्पी! घोटाले पर नहीं हुई कोई कार्रवाई

## इसी तरह के मामले में जबलपुर में खाद्य नियंत्रक एवं 3 अफसरों पर दर्ज हुए केस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा


प्रदेश भर में बंद हुई आपूर्ति विभाग की ऑफिशियल वेबसाइट, नए आवंटन का कर रहे इंतजार

जिले की राशन दुकानों से 20 करोड़ बाजार मूल्य का 5 हजार टन राशन किया गायब

सत्यापन के नाम पर अधिकारियों ने की अनियमितताएं, आपूर्ति विभाग के पास कोरोना के समय का डेटा उपलब्ध नहीं

जिला आपूर्ति अधिकारी सहित जेएसओ ब्यावरा रिकॉर्ड बताने में असमर्थ

आपूर्ति विभाग का खेल! अकेले ब्यावरा ब्लॉक से 6.73 करोड़ का 1672 टन राशन गायब

122 राशन दुकानों में से 98 दुकानों का राशन हुआ गुम

खिलचीपुर ब्लॉक 35 दुकानों की जानकारी

सारंगपुर ब्लॉक 16 दुकानों की जानकारी

प्रदेश भर में बंद हुई आपूर्ति विभाग की ऑफिशियल वेबसाइट

जिले भर में 5 हजार टन से ज्यादा राशन पीओएस मशीनों से हटाया

जिला आपूर्ति ने नहीं बनाई सत्यापन के लिए कोई टीम

इनका कहना है...

केंद्र सरकार द्वारा गरीबों की जनहितैषी खाद्यान्न वितरण योजना में विभाग के अधिकारियों ने सेंध लगा ही दी और हैरत इस बात पर की करोड़ों रुपए का राशन जिले भर की अलग-अलग दुकानों की पीओएस मशीनों से हटा दिया गया और सभी जिम्मेदारों ने अपनी आंखें मूंद ली।

गरीबों के हित का 5 हजार टन से ज्यादा राशन जिसका बाजार मूल्य 20 करोड़ आंका जा सकता है। इतने बड़े घोटाले के बाद भी किसी पर कोई कार्रवाई नहीं बल्कि हजारों टन राशन पर ग्रहण लगाने वाले अधिकारियों को जैसे क्लीन चिट दे दी गई। उनसे क्यों नही पूछा गया की इतना राशन कैसे पोर्टल व विभागीय साफ्टवेयर से हटा दिया गया। कोरोना काल का मामला बताकर जिम्मेदार अधिकारी अपनी जबावदेही से बच नहीं सकते हैं। दुकानदारों ने नाम न बताने की बात पर यह बात भी बताई कि उन्होंने अपनी दुकान की पीओएस मशीन से राशन हटवाने में संबंधित अधिकारी ने पैसे भी लिए हैं। इस बात की पुष्टि इस बात से लगाई जा सकती है कि विभाग द्वारा अभी तक किसी भी दुकानदार पर कोई सख्त कार्रवाई नहीं हुई सिर्फ कुछ दुकानदारों को राशन समय पर न बांटने का नोटिस जरूर दिया गया। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि गरीबों के राशन से मिली राशि की बंदरबांट की गई है तभी चुप्पी साधी गई है। नहीं तो इसी तरह के मामले में जबलपुर में मात्र 2 करोड़ 20 लाख के खाद्यान्न घोटाले में खाद्य नियंत्रक सहित 3 अन्य अधिकारियों पर मामला दर्ज किया गया है, परंतु राजगढ़ में हैरत है कि खुले आम गरीबों के राशन पर लूट हो गई और किसी अधिकारी को जिम्मेदार नहीं माना गया। उल्लेखनीय है कि खाद्यान्न में गढबढी को लेकर हरिभूमि ने प्राथमिकता से समाचारों का प्रकाशन किया था परंतु तीन महिनों बाद भी कोई कार्रवाई नहीं की गई है।

### जबलपुर और रायपुर में इन्हीं मामलों में हुई कार्रवाई

प्रदेश में राजगढ़ ही ऐसा जिला होगा जहां पर हजारों टन राशन होने के इतने दिन बाद अभी तक दुकानदारों व जिम्मेदार अधिकारियों पर कोई कार्रवाई नहीं की गई है। जबकि कोरोना काल का बताकर 115 करोड का राशन गायब होने पर रायपुर में 166 दुकानें निलंबित, 153 दुकानें निरस्त एवं 22 दुकान संचालकों पर एफआईआर दर्ज की गई है। वहीं मध्यप्रदेश के जबलपुर 2 करोड़ से ज्यादा के घोटाले में खाद्य नियंत्रक सहित 3 अधिकारियों पर केस दर्ज किया गया है, परंतु राजगढ़ जिला सबसे अद्भुत जिला है जहां पर सरकारी अधिकारी गैर जिम्मेदार होते हुए भी किसी भी बात के लिए जिम्मेदार नहीं होता है।

**इनका कहना है...**

राजगढ़ ब्लॉक की दुकानों का जिनमें कम स्टॉक निकला है उनकी जानकारी कलेक्टर के पास पहुंचा दी गई है और ब्यावरा की जानकारी अभी तैयार की जा रही है। आगे की कार्रवाई कलेक्टर करेंगे।

अजीत सिंह
जिला खाद्यान्न अधिकारी राजगढ़


समाज कल्याण कार्यों व मंदिर संचालन में होगा राशि का उपयोग

# खाटू श्याम मंदिर पर भक्तों ने दिया खुले मन से दान

## प्राण प्रतिष्ठा के बाद अब तक 19 लाख 27 हजार 45 रुपए की भेंट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

श्री खाटू श्याम मंदिर, ब्यावरा में शनिवार को मंदिर समिति द्वारा दान पेटी खोली गई। इस दौरान 8 जुलाई से 19 सितंबर तक श्रद्धालुओं द्वारा दी गई भेंट में कुल 6 लाख 25 हजार 90 प्राप्त हुए। इससे पूर्व फरवरी माह में हुए भव्य प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के बाद से जुलाई तक दान पेटी पाँच बार खोली जा चुकी है। इससे पहले मंदिर समिति को 13 लाख,24 हजार 455 की राशि प्राप्त हुई थी। इस प्रकार अब तक मंदिर को कुल 19 लाख 27 हजार 045 की आस्थापूर्ण भेंट मिल चुकी है।



### आय का होगा समाज कल्याण में उपयोग

मंदिर समिति के सचिव प्रिंस (जोगिंदर सिंह) छाबड़ा ने बताया कि इस राशि का उपयोग मंदिर संचालन एवं रखरखाव के साथ-साथ समाज कल्याण और सेवा कार्यों में किया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि संपूर्ण आय-व्यय का लेखा-जोखा वार्षिक ऑडिट रिपोर्ट के साथ सार्वजनिक किया जाएगा।

### सुव्यवस्थित संचालन हेतु समिति का गठन

मंदिर संचालन को पारदर्शी बनाने हेतु अप्रैल माह में "जय मां हरसिद्धि श्री श्याम बाबा संस्कृति उत्थान समिति ब्यावरा धाम" का पंजीयन कराया गया है। इसी नाम से बैंक खाता भी खोला गया है। शनिवार को समिति ने दान से प्राप्त आय को समिति के बैंक खाते में भी जमा कर दिया है।

### भक्तों का उमड़ता सैलाब

प्राण प्रतिष्ठा के बाद से मंदिर में प्रतिदिन भक्तों का तांता लगा रहता है। विशेषकर एकादशी पर करीब एक लाख श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुँचते हैं। विभिन्न गांवों और नगरों से भक्त निशान यात्रा लेकर बाबा श्याम के दरबार में हाजिरी लगाते हैं। श्रद्धालुओं की मान्यता है कि अपनी आय का एक हिस्सा बाबा खाटू श्याम जी को समर्पित करने से जीवन में सुख-समृद्धि प्राप्त होती है।

## बाबा बैजनाथ बड़ा महादेव मंदिर की दान पेटी खुली, मिले 2.25 लाख रुपए

**नरसिंहगढ़।** बाबा बैजनाथ बड़ा महादेव मंदिर की दान पेटी बीते दिनों प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में खोली गई। गिनती के दौरान करीब 2 लाख 25 हजार रुपये की राशि प्राप्त हुई। प्रशासनिक अधिकारियों ने जल्द ही नागरिकों के साथ बैठक कर इस राशि को मंदिर निर्माण एवं विकास कार्यों में खर्च करने की योजना तैयार करने की बात कही है। इधर सोमवार को विधायक मोहन शर्मा, एसडीएम सुशील कुमार एवं तहसीलदार विराट अवस्थी की मौजूदगी में मंदिर दान राशि के लिए क्यूआर कोड भी जारी किया गया। अब श्रद्धालु डिजिटल माध्यम से भी दान कर सकेंगे। इससे पारदर्शिता और सुविधा दोनों सुनिश्चित होगी।

# चुनरी यात्रा में पधारने सर्वप्रथम भगवान गणेश को दिया न्यौता



**राजगढ़।** विश्व हिन्दू परिषद, हिन्दू चेतना मंच एवं सकल हिन्दू समाज के तत्वावधान में आगामी 28 सितंबर को क्षेत्र के प्रसिद्ध शक्तिपीठ मां जालपा धाम तक भव्यतम चुनरी यात्रा का आयोजन होने जा रहा है। लगातार कई वर्षों से निकाली जा रही इस चुनरी यात्रा के लिए आयोजकों ने तैयारियां तेज कर दी हैं।

इसी कड़ी में आयोजन समिति पदाधिकारियों द्वारा यात्रा में पधारने प्रथम पूज्य देव भगवान गणेश को आमंत्रण पत्र दिया गया। आगामी दिनों में समिति सदस्यों द्वारा विशेष रूप से अभिमंत्रित अक्षत (चावल) घर-घर जाकर लोगों को प्रदान करते हुए यात्रा में सम्मिलित होने का आगृह किया जाएगा। विशाल चुनरी यात्रा में हर वर्ष नगर सहित आसपास क्षेत्र की हजारों मातृ-शक्तियां सहित श्रृद्धालु सम्मिलित होते हैं। श्रृद्धालुओं की सुविधा के लिए आयोजन समिति द्वारा यात्रा आरंभ स्थल राजमहल प्रांगण से जालपा शक्तिपीठ तक के करीब 6 किमी मार्ग तक कारपेट बिछवाने की व्यवस्था की जाएगी। आयोजकों ने बताया कि चुनरी यात्रा दिवस 28 सितंबर को पिछले 15 वर्षों से यात्रा हेतु अपनी सेवाएं देते हुए सेवाभावियों सहित विभिन्न संगठन पदाधिकारियों का सम्मान भी किया जाएगा।

### पहले दिवस कलेक्टर, एसपी ने किया माता का पूजन-अर्चन

नवरात्र के प्रथम दिवस सोमवार दोपहर कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा एवं पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी जालपा धाम पहुंचे। अधिकारद्धय ने मंदिर में पूजा-अर्चना करते हुए वहां की विभिन्न व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए अधीनस्थ अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए।

## सारंगपुर में दो अलग-अलग हादसों में दो की मौत

**सारंगपुर।** थाना क्षेत्र में सोमवार को हुए दो अलग-अलग हादसों में दो लोगों की मौत हो गई। पहली घटना ग्राम मऊ पढ़ाना मार्ग पर हनुमान मंदिर के सामने हुई, जहां ईंट से भरे ट्रैक्टर के नीचे आने से राकेश (35) पिता रघुनाथ सिंह की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलते ही डायल-112 पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शव को सिविल अस्पताल सारंगपुर लाया गया, जहां पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस ने ट्रैक्टर चालक को हिरासत में लेकर मामला दर्ज किया है। वही दूसरी घटना ग्राम ब्यावरा मांडू में हुई, जहां सांप के काटने से बाबूलाल पिता मोतीलाल अहिरवार की मौत हो गई। उन्हें सिविल अस्पताल लाया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित किया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया।

संघ कार्यकर्ताओं द्वारा व्यापक स्तर पर की जा रही हैं तैयारियां

# 12 अक्टूबर को राजगढ़ में निकलेगा आरएसएस का विशाल पथ-संचलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ इस साल अपनी स्थापना के 100 वर्ष पूर्ण करने जा रहा है। शताब्दी वर्ष की शुरुआत आगामी विजयादशमी से होगी। इसी निमित्त आगामी 12 अक्टूबर को संघ का विशाल एवं भव्य पथ संचलन निकलने वाला है जिसमें नगर सहित क्षेत्र के प्रत्येक हिन्दू परिवार से एक स्वयंसेवक संघ की गणवेश में सम्मिलित होगा।

पथ संचलन नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए बिरसामुंडा चौराहे पर संगम करेगा। पथ-संचलन उपरान्त आयोजित होने वाले बौद्धिक में मुख्य वक्ता के रूप में राजगढ़ की धरा पर ही पलकर बाद में प्रचारक बने एवं वर्तमान में आरएसएस के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य सुरेश सोनी का उद्धबोधन रहेगा। कार्यक्रम की तैयारियों हेतु नगर की 6 बस्तियों में स्वयं सेवक अलग-अलग टोलियां बनाकर प्रत्येक हिन्दू परिवार में गणवेश क्रय हेतु आगृह कर रहे हैं। साथ ही वरिष्ठजनों एवं मातृशक्ति को समापन स्थल स्टेडियम पर आने के लिए आमंत्रण पत्रक का वितरण कर रहैं। उक्त आमंत्रण पत्रक का विमोचन नगर की 6 बस्तियों के प्रमुख मंदिरों में पूजन कर संपन्न हुआ।



### यह रहेगी पथ-संचलन की पूरी रूपरेखा

आरएसएस का यह पथ-संचलन नगर की 6 बस्तियों के अलग-अलग स्थानो से प्रारंभ होकर प्रमुख मार्गों से होता हुआ सांय 4.30 बजे बिरसा मुंडा चौराहा (ब्यावरा नाका) पहुंचेगा। यहां संचलन की तीन धाराओं का संगम होगा। इसके उपरान्त संचलन मुख्य मार्गों से होता हुआ खिलचीपुर नाका से स्टेडियम परिसर पहुंचेगा। पथ संचलन अपनी 3 किलोमीटर की दूरी 35 मिनट में पूर्ण करेगा। संघ ने अपने इस संचलन को अभिनव संघम नाम दिया है।

### संचलन को लेकर उत्साहित हैं युवा

संचलन की पूर्व तैयारियों के तहत नगर के युवा स्वयंसेवकों ने भारत माता चौराहा से वाहन रैली निकाली। यह रैली मुख्य मार्गों से होते हुए संतोषी माता मंदिर पहुंची जहां भारत माता की आरती के साथ रैली का समापन किया।



## विद्यार्थियों ने नुक्कड़ नाटक कर किया जागरूक

**सारंगपुर।** शासकीय स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय सारंगपुर में सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत सामाजिक कुरीतियों के प्रति विद्यार्थियों को जागरूक करने के उद्देश्य से नुक्कड़ नाटक आयोजित किया गया। जिसमें मोबाइल के दुष्परिणामों को विद्यार्थियों के द्वारा सुंदर प्रस्तुति के माध्यम से अवगत कराया गया। नाटक के सभी कलाकारों जया कुम्भज, उमा सेन, रितेश शर्मा, शिवम भिलाला, रोहित अहिरवार एवं भावना वर्मा ने रोचक अंदाज में नाटक प्रस्तुत किया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. ममता खोईया ने मोबाइल के दुष्परिणामों से अवगत कराते हुए कहा कि इससे मानव शरीर में बहुत सारी बीमारियां हो सकती हैं। कार्यक्रम नोडल अधिकारी डॉ अरुणा सोलंकी ने बताया कि मोबाइल फोन से निकलने वाले इलेक्ट्रोमैग्नेटिक विकिरणों से डीएनए क्षतिग्रस्त हो सकता है।

# आरटीओ की टीम ने 10 बसों सहित अन्य वाहनों पर लगाया जुर्माना

**राजगढ़।** यात्रियों की सुरक्षा के मद्धेनजर एवं सड़क सुरक्षा को और अधिक सुदृढ़ बनाने के उद्धेश्य से परिवहन विभाग द्वारा जिले में विशेष वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। आरटीओ ज्ञानेंद्र वैश्य के निर्देशन में चल रहे इस अभियान के तहत सोमवार को ब्यावरा शहर के आसपास एबी रोड एवं हाईवे पर 25 वाहनों सहित यात्री बसों की चेकिंग की गई।

इस दौरान 10 वाहन एवं बसें ऐसी पाईं गईं जिनके परमिट, फिटनेस, बीमा इत्यादि दस्तावेज अपूर्ण पाए गए। इस पर विभाग द्वारा उक्त वाहनों पर चालानी कार्यवाही की गई है। आरटीओ की इस चेकिंग के दौरान चेक प्वाइंट प्रभारी अनामिका कोली, उपनिरीक्षक राजेश बाबू खरे, प्रधान आरक्षक सुखराम मौर्य, सैनिक विष्णु प्रसादर, वीरेंद्र सिंह, ओमप्रकाश संजोदिया, प्रेमनारायण कुरैचया सहित अन्य उपस्थित थे। वाहन चेकिंग का यह अभियान दो सप्ताह तक निरंतर चलेगा। आरटीओ वैश्य द्वारा सभी वाहन स्वामियों एवं स्कूल बसों के संचालकों से अपील की गई है कि वे अपने वाहनों के वैध दस्तावेजों के साथ चलाएं एवं वाहनों में क्षमता से अधिक सवारी न बैठाएं।



# थाना परिसर में आगामी पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित

**कालापीपल।** कालापीपल थाने परिसर में आगामी त्योहार को लेकर शांति समिति की बैठक संपन्न हुई। इस बैठक में दुर्गा पूजा एवं विजयदशमी त्योहार को शांति और सौहार्द से मनाने की अपील की गई। पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों ने गाइडलाइन और नियमों के बारे में दुर्गा पंडाल समितियों के सदस्यों को जानकारी दी। बैठक में कालापीपल पुलिस और आम नागरिक शामिल हुए। शांति और सौहार्द से त्योहार मनाने की अपील गई। इसके साथ ही दुर्गा पूजा पंडाल, सड़कों पर यातायात व्यवस्था, विद्युत व्यवस्था और अन्य विषय पर चर्चा की गई। पुलिस ने जानकारी दी कि आसमाजिक तत्वों पर निगरानी रखी जा रही है, ताकि दुर्गा पूजा और दशहरा पर्व बेहतर तरीके से लोग मना सकें।

एसडीओपी निमेष देशमुख ने बताया कि सभी स्थानों पर पुलिस टीमों द्वारा ध्यान रखा जाएगा। किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना को लेकर पुलिस पूरी तरह से मुस्तैद है। इस अवसर पर तहसीलदार संदीप श्रीवास्तव, एसडीओपी निमेष देशमुख, नायब तहसीलदार प्रदीप केन, थाना प्रभारी मनोहर सिंह जगेत, सहायक यंत्री कैलाश सोलंकी, नगर परिषद सीएमओ बद्रीलाल पुरबिया, जनपद सीईओ डीआर एस राणा आदि जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।




# निकली राम बारात, हुआ भव्य स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीरापुर

नगर त्रयंम्बकेश्वर महादेव मंदिर परिसर में चल रही 16 दिवसीय रामलीला में नगर के कुशवाहा मोहल्ले से राम बारात निकाली जो कि रामलीला स्थल पहुंची। श्री गणेश आदर्श रामलीला मंडल द्वारा मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के चरित्र की लीलाओं का अति सुन्दर सारगर्भित चित्रण किया जा रहा है । मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की भव्य बारात बड़े ही हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ नगर के प्रमुख मार्गों से निकाली गई। कुशवाह मंदिर से राम बारात प्रारंभ हुई जो नगर के प्रमुख मार्ग बुधवारिया बाजार ,जवाहर चैक , इदर चैराहा , स्वामी विवेकानंद चैराहा , बस स्टैंड , गांधी बस्ती , शाहजी मोहल्ला होते हुए जनक नगरी रामलीला चैक पहुंची। शोभायात्रा के दौरान जगह-जगह श्रद्धालुओं ने बारात का भावभीना स्वागत कर जयकारों से माहौल को भक्तिमय बना दिया। बारात के जनकपुरी पहुंचने पर धार्मिक परंपराओं के अनुसार भगवान श्रीराम का विवाह संपन्न हुआ।




## मनाया महाराजा अग्रसेन का जन्मोत्सव

**माचलपुर।** नगर के अग्रवाल समाज द्वारा अपने आराध्य महाराज अग्रसेन का जन्म उत्सव समाज में एक परिवार में गमी होने से सूक्ष्म रूप से मनाया गया सामाजिक धर्मशाला में सभी समाजजनों के एकत्रीकरण के पश्चात कुल देवी मावलिया माता मंदिर पर पहुंच पूजन आरती की। नगर की धर्मशाला में महाराजा अग्रसेन की पूजन आरती के साथ सामाजिक ध्वज का रोहण समाज के वरिष्ठ बाबूलाल माधावत ओर समाज अध्यक्ष शरद माधावत ने किया प्रसाद वितरण और स्वल्पाहार के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

सारंगपुर में कुंडालिया और पचोर में मोहनपुरा से होगी जल सप्लाय

# सारंगपुर विधानसभा को जल्द मिलेगी जलसंकट से मुक्ति

## राज्यमंत्री डॉ टेटवाल ने जल संसाधन मंत्री को लिखा पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

सारंगपुर विधानसभा में आगामी महीनों में ग्रीष्मकालीन जल संकट से मुक्ति मिलने वाली है, जिसके लिए मध्य प्रदेश शासन के राज्यमंत्री एवं सारंगपुर विधायक गौतम टेटवाल द्वारा प्रयास शुरू कर दिए हैं। जिसकी जल्द ही धरातल पर उतरने की संभावना है जिससे सारंगपुर विधानसभा अंतर्गत आने वाले दोनों नगरों सारंगपुर व पचोर में ग्रीष्म ऋतु में होने वाली जलसंकट की समस्या दूर हो जाएगी और दोनों नगरों की जनता को प्रतिदिन जल सप्लाय हो सकेगा। जिसके लिए राज्यमंत्री गौतम टेटवाल ने जल संसाधन मंत्री तुलसी सिलावट को मांग पत्र दिया है।



### दोनों नगरों का जलसंकट दूर हो सकेगा

राज्यमंत्री डॉ टेटवाल द्वारा अपने मांग पत्र में सारंगपुर नगर में कुंडालिया पाइप लाइन से व पचोर नगर में मोहनपुरा डेम की पाइप लाइन से जल सप्लाय हेतु मांग पत्र सौंपा है जिससे दोनों नगरों का जलसंकट दूर हो सकेगा।

### दो-दो डेम होने के बाद भी नगर थे प्यासे

राजगढ़ जिले को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा मोहनपुरा और कुंडालिया जैसे दो बड़े डेम की सौगात दी थी जिससे जिले के ग्रामों में पाइप लाइन के माध्यम से पानी सप्लाय हेतु पाइप डालने का काम प्रगतिरत है वही कई ग्रामों में वाटर सप्लाई भी प्रारंभ भी हो गई हे लेकिन उक्त डेम से विधानसभा के दोनों नगर छूट गए थे नगर के बीच से पाइप लाइन गुजरने के बाद भी ग्रीष्म ऋतु में जल संकट का सामना करना पड़ता था लेकिन अगर कुंडा ललिया डेम से सारंगपुर और मोहनपुरा डेम से पचोर को कनेक्शन मिलता है तो दोनों नगरों की पानी की समस्या दूर हो जाएगी, राज्यमंत्री डॉ टेटवाल के प्रयास की विधानसभा वासियों में हर्ष की लहर है।

## सेवा पखवाड़ा के तहत नगर पालिका ने आयोजित कराया शिविर

**राजगढ़।** स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत सोमवार को स्थानीय पारायण चौक परिसर में नगर पालिका द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन करवाया गया। सुबह से शाम तक चले शिविर में 222 लोगों ने अपना हेल्थचेक करवाया। इस स्वास्थ्य शिविर में नगर पालिका के स्वच्छताकर्मियों का विशेष रूप से चेकअप करवाया गया। शिविर में वेलो.एन.सिटी हॉस्पिटल इंदौर से आई डॉ. संध्या जैन एवं प्रशिक्षित टीम ने सफाई कर्मचारियों सहित आमजनों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। इस दौरान रक्तचाप, शुगर, बीएमआई, हृदय संबंधी जाँच सहित अन्य परीक्षण किए गए। आयोजन में नगर पालिका अध्यक्ष विनोद साहू, एसडीएम निधि भारद्वाज, मुख्य नगर पालिका अधिकारी, स्वच्छता नोडल अधिकारी, नगर पालिका की टीम, जनप्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित रहे।

## प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश गुना द्वारा जिला जेल का निरीक्षण एवं विधिक जागरूकता शिविर आयोजित

**गुना।** मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गुना अमिताभ मिश्र द्वारा सोमवार को जिला जेल गुना का निरीक्षण किया गया। जिला जेल के निरीक्षण के दौरान अमिताभ मिश्र प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गुना बंदियों को उपलब्ध कराये जाने वाले भोजन, पीने के पानी, स्वास्थ्य, शिक्षा संबंधी जानकारी भी ली जाकर जेल अधीक्षक जिला जेल को अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं हेतु निर्देशित किया गया।
उक्त अवसर पर जेल में आयोजित किये गये विधिक जागरूकता शिविर के माध्यम से बंदियों से चर्चा कर उनके प्रकरणों की वर्तमान स्थिति, अपील, मुलाकात संबंधी जानकारी ली गई। साथ ही बंदियों को म.प्र. उच्च न्यायालय जबलपुर द्वारा बनाए गए एमएसीटी सॉफ्टवेयर के संबंध में जानकारी दी।